न्यूज ब्रीफ

## अंशिका के सर सजा आईआईजीजीपी ताज



मिस यूनिवर्स मनिका विश्वकर्मा से खिताब लेती अंशिका सक्सेना।

**भमौरा, अमृत विचार :** फ्यूचर यूनिवर्सिटी में हुए इंडिया इंटरनेशनल एंड ग्लैमर पेजेंट (आईआईजीजीपी) एवं डिजाइनर फैशन वीक 2026 मे चांडपुर की बेटी अंशिका सक्सेना ने भाग लिया और मिस आईआईजीजीपी 2026 का खिताब अपने नाम किया। आयोजित कार्यक्रम में अंशिका सक्सेना को मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 मनिका विश्वकर्मा ने ताज पहना सम्मानित किया। बीबीए थर्ड ईयर फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली की छात्रा अंशिका कहती है शिक्षा से ही खुद में आत्मविश्वास आता है। इससे सपनों को साकार किया जाता है बताया कि उनका सपना बिजनेस वूमेन बनने का है अंशिका ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने पिता डा .वीरेश सक्सेना व माता अनीता को दिया है।

## तीन माह के लिए जिलाबदर

**आंवला अमृत विचार :** गुरुवार को आंवला पुलिस ने शातिर अपराधी रिजवान को जिले से बाहर खदेड़ दिया गया है। पुलिस के अनुसार, रिजवान एक आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध गोकशी और पशु क्रूरता जैसे कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे बदायूं सीमा पर कड़ी चेतावनी के साथ छोड़ा गया है।

# आंवला के बीपीसीएल डिपो में घुसपैठ, हंगामा

## प्लांट में घुसे 4 दबंग युवक, एक पकड़ा बाकी हो गये फरार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** बदायूं में एचपीसीएल कंपनी में दोहरे हत्याकांड का मामला अभी गरमाया हुआ है अब आंवला के बीपीसीएल डिपो में भी गुरुवार को अनाधिकृत प्रवेश को लेकर हंगामा हो गया। सुरक्षा कर्मियों से अभद्रता करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

थाना आंवला क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड डिपो में बृहस्पतिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कुछ युवकों ने अति-संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा को ताक पर रखकर जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया। सुरक्षाकर्मियों द्वारा टोके जाने पर युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसके साथी मौके से फरार हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ताज फिलिंग स्टेशन पर कार्यरत आसिफ अपने 3-4 साथियों के साथ डिपो परिसर में लोड लेने के बहाने पहुंचा था। डिपो परिसर एक प्रतिबंधित और अति-संवेदनशील क्षेत्र है, जहां बिना अनुमति प्रवेश वर्जित है। जब वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने नियमों का हवाला देते हुए आसिफ और उसके साथियों को अंदर जाने से रोका, तो वे भड़क गए। आरोप है कि युवकों ने सुरक्षाकर्मियों के साथ तीखी बहस की और उनके साथ बदसलूकी की।

मामला बिगड़ता देख सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने की भनक लगते ही आसिफ के साथी मौके से भाग निकले, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने घेराबंदी कर मुख्य आरोपी आसिफ को पकड़ लिया। थाना आंवला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया है। डिपो प्रबंधन इस घटना को सुरक्षा में बड़ी चूक के रूप में देख रहा है।



कोतवाली आंवला ● अमृत विचार

- आंवला पुलिस हुई सक्रिय, प्रबंधन मान रहा सुरक्षा में चूक
- तेल डिपो के अतिसंवेदनशील क्षेत्र में जबरन प्रवेश करने का प्रयास
- सुरक्षा कर्मियों से की अभद्रता और गाली गलौज, पुलिस ने पकड़ा

> आंतरिक बैठक के बाद आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
> – तेल डिपो प्रबंधन

## मऊचन्दपुर में रामलीला का शुभारंभ

मऊचन्दपुर अमृत विचार : ग्राम मऊचन्दपुर में आयोजित भव्य रामलीला मंचन समारोह का अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मझगंवा के ब्लॉक प्रमुख यशवंत राजपूत तथा जिला पंचायत सदस्य अरविंद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज में सद्भावना, एकता और नैतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का एक सशक्त माध्यम है।

## समाज को जातियों में बांटने से सामाजिक सौहार्द प्रभावित


कार्यक्रम में बोलते स्वामी प्रसाद मौर्य

**मीरगंज, अमृत विचार:** मढ़ी सत्याना रामलीला ग्राउंड में सम्राट अशोक महान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सम्राट अशोक के आदर्शों को याद किया गया।

कार्यक्रम के तहत विशाल रैली प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इसमें सम्राट अशोक के विचारों और संदेशों का प्रचार-प्रसार करते लोग बढ़ रहे थे। क्षेत्र में उत्सव का माहौल था। रैली का समापन मढ़ी सत्याना रामलीला ग्राउंड में हुआ जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समारोह में अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि थे। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि समाज को जातियों में बांटने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर अजपा के जिला अध्यक्ष अनिल मौर्य, पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार, प्रेमराज मौर्ये, राजकुमार मौर्य, श्याम सम्राट मौर्य, पप्पू मौर्य आदि रहे।।

# फर्जी आधार कार्ड गिरोह का भंडाफोड़

संवाददाता, भुता


फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- आयुष्मान कार्ड भी बनाते थे पुलिस ने दो को पकड़ा
- मुख्य आरोपी फरीदपुर के ऊंचा मोहल्ले का निवासी

**अमृत विचार :** पुलिस ने इंटेलिजेंस व एसओजी की संयुक्त सूचना पर फर्जी आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले एक संगठित गैंग का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक युवक और एक अपचारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप, स्कैनर, फिंगरप्रिंट डिवाइस, प्रिंटर, मोबाइल फोन, आईडी और अधूरे बने दस्तावेज बरामद किए हैं।

गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर मुड़िया रोड स्थित एक ट्यूबवेल के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी शाहिद, निवासी मोहल्ला ऊंचा कस्बा फरीदपुर, ने बताया कि वह पहले इंडियन ओवरसीज बैंक के लोकवाणी केंद्र में काम करता था, लेकिन गलत गतिविधियों के कारण उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद उसका संपर्क कोलकाता निवासी शमीम अख्तर से हुआ, जिसने उसे ऑनलाइन आईडी उपलब्ध कराई।

आरोपी ने बताया कि वह व्हाट्सएप के जरिए फिंगरप्रिंट मंगवाकर रबर फिंगरप्रिंट तैयार कराता था और उसी के माध्यम से अन्य लोगों की आईडी खोलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करता था। इस कार्य में धोरेरा गजरौला निवासी नवीन की भी भूमिका सामने आई है। अपचारी ने भी लालच में आकर इस काम में शामिल होने की बात कबूल की है।

पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार युवक और अपचारी को जेल भेज दिया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## फर्जी कागज तैयार कर बैनामा कराने में अधिवक्ता गिरफ्तार, जमानत

बहेड़ी,अमृत विचार : अधिवक्ता दिनेश सूर्य को अदालत से ज़मानत मिल गई। पुलिस ने बुधवार की शाम अधिवक्ता को गिरफ्तार किया था। हालांकि कल उनकी गिरफ्तारी की खबर लगते ही तमाम वकील कोतवाली पहुंचे थे,लेकिन उनकी किसी पुलिस अधिकारी से बात ही नहीं हो पाई थी।गांव नौगवां के सेवा राम ने कथित रूप से बहेड़ी के वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश सूर्य पर फर्ज़ी कागज़ात तैयार कर रश्मि सिंह को गुमराह कर उनसे बैनामा करा लेने का आरोप लगाया था, जिस पर 6 मार्च को बहेड़ी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने इस मामले में अधिवक्ता पर कई धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में 25 मार्च की शाम आरोपी अधिवक्ता को गिरफ्तार कर लिया था। वकील की गिरफ़्तारी की खबर लगते ही देर शाम को ही कई वकील कोतवाली पहुंच गए थे, लेकिन उनकी किसी पुलिस अधिकारी से बात नहीं हो पाई, जिसके चलते वकीलों को बैरंग वापस आना पड़ा।पुलिस ने गुरुवार को अधिवक्ता दिनेश सूर्य को सिविल जज (जूनियर डिवीज़न) की अदालत में पेश किया। अदालत में आरोपी के अधिवक्ता कृष्ण अवतार शर्मा और मनोज जौहरी ने पुलिस की विवेचना पर तमाम सवाल खडे किए।अदालत ने विवेचक को तमाम बिंदुओं पर जवाब देने के लिए समय देते हुए आरोपी अधिवक्ता को जमानत दे दी है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर

**हाफिजगंज, अमृत विचार:** बहेड़ी से घर लौट रहे तीन दोस्तों की बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

कस्बा हाफिजगंज निवासी इमरान, उवैश और जुबैर बाइक से बहेड़ी गए थे। देर शाम लौटते समय अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे तीनों युवक घायल हो गए।

पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने 23 वर्षीय इमरान को मृत घोषित कर दिया। उवैश और जुबैर की हालत गंभीर बनी हुई है। इमरान के मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई,। घर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नाबालिग को बहला कर ले गया युवक

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में नाबालिग युवती को युवक बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है, कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को 23 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। महिला का कहना है, कि पुत्री के फोन देखने पर दो फोन नम्बर मिले जिनसे उनकी पुत्री बात करती थी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

न्यूज डायरी

## व्यापार मंडल एवं सर्राफा मंडल ने किया बार एसोसियेशन का स्वागत



**मीरगंज, अमृत विचार,** गुरुवार को व्यापार मंडल एवं सर्राफा व्यापार मंडल ने बार एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक उपाध्याय और उनकी टीम का फूल मालाओं और पगड़ी पहनकर स्वागत किया। इस सम्मान समारोह में क्षेत्र के बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बार अध्यक्ष ने व्यापार मंडल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को इस तरह सम्मानित किया जाना उनके लिए गर्व की बात है। वरिष्ठ अधिवक्ता मुराद बेग ने मीरगंज को भाईचारे का प्रतीक बताया कहा यहां के लोग धर्म से ऊपर उठकर एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनारायण गुप्ता ने इस पहल को दोनों संगठनों के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर पर महामंत्री जीशान अंसारी, सेपू गुप्ता कोषाध्यक्ष, संजीव गुप्ता तहसील कोषाध्यक्ष, कैलाश गंगवार, महेश गुप्ता, रामपाल गुप्ता, चरण जीत सिंह टोनी, अरविन्द गंगवार, विनीत अनुज पांडे, कुश गुप्ता, पूर्व प्रधान सुबोध सिंह आदि मौजूद रहे।

## ड्रॉप आउट बच्चों का विशेष प्रशिक्षण का समापन




**शेरगढ़ अमृत विचार :** आउट ऑफ स्कूल और ड्रॉप आउट बच्चों के विशेष प्रशिक्षण के लिए ब्लॉक के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में बृहस्पतिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को आउट ऑफ स्कूल और ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षक राजीव शर्मा, गौरव शर्मा, सुखेंद्र कुमार, येजेंद्र पाल सिंह और प्रकाश बाबू शर्मा ने ड्रॉप आउट और आउट ऑफ स्कूल बच्चों की बुनियादी शिक्षा की मजबूती का पाठ पढ़ाया। इस दौरान शिव स्वरूप शर्मा, कमलेश आर्य, विशेष गंगवार, नीरू, संजुल गंगवार, ओम प्रकाश राठौर, हरीश कुमार, आदि रहे।

## राम कथा में लक्ष्मण शक्ति कुंभकरण वध प्रसंग सुनाया



**शेरगढ़ अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नगरिया कलां में शिव मंदिर पर आयोजित श्रीराम कथा में बृहस्पतिवार को कथावाचक पंडित विशेष पाठक ने लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाथ वध, अहिरावण वध, रावण वध कथा का प्रसंग सुनाया। करुण रस से ओतप्रोत सुलोचना सती कथा का प्रसंग सुनाया। इस दौरान नगर पंचायत शेरगढ़ के चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, भाजपा नेता दिनेश शर्मा, राजीव शर्मा तथा ऋषभ सिंह ने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमानजी की आरती उतारी। इस अवसर पर रंगीन कुमार, हरीश कुमार, मिढ़ईलाल गंगवार, रमेश चंद्र राठौर, त्रिभुवन प्रसाद गंगवार, रमेश चंद श्रीवास्तव, सत्यपाल शर्मा, कुलदीप सिंह, जयदीप सिंह आदि थे।

## सपा कार्यालय पर हुआ ईद व होली मिलन



**बहेड़ी , अमृत विचार :** सपा कार्यालय पर ईद और होली मिलन के इस कार्यक्रम में काफी तादाद में लोग शामिल हुए, और एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। यहां एक तरफ सेवईं की खुशबू थी तो दूसरी तरफ गुझियों का स्वाद लोग ले रहे थे। कार्यक्रम में विधायक अताउर रहमान ने लोगों को ईद और होली की मुबारक बाद देते हुए इस भाईचारे और सदभाव को हमेशा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि बहेड़ी का आपसी भाईचारा दूर-दूर तक मशहूर है। हम नफ़रत और बंटवारे पर यक़ीन नहीं रखते, और राजनीति, धर्म या जाति के आधार पर नहीं करते। इस मौके पर पूर्व प्रमुख वफ़ा उर रहमान, विधान सभा अध्यक्ष नासिर रज़ा खां, हरस्वरुप मौर्य और आचार्य देव कुमार मौर्य ने भी विचार व्यक्त किए। चौधरी विजेंद्र सिंह, इक़बाल सिंह चीमा, ब्रह्म स्वरुप सागर, नसीम उर रहमान, हाशिम अली, पीर मोहम्मद, वारिस खां, भजन लाल मौर्य, चरणजीत सिंह, अयाज़ मालिक, सुरेंद्र सिंह, अनवार मालिक आदि शामिल हुए।



आप सभी को श्रीरामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

SANJAY PATEL M. 9761544084 8755262592
PATEL FOAM
SPECIALIST FOR HOME & HOTEL FURNISHING
आप सभी समस्त जनमानस को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
Jhankar Hotel Wali Gali, Tula Sherpur
Sanjay Nagar Road, Near S.K. Printing Press, Bareilly

आप सभी को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
BALAJI SALES CORPORATION (BSC GROUP SINCE 2019)
पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना
बरेली का नं. 1 सोलर वेंडर जागरूक बनें सही चुनें
सब्सिडी रू. 1,08,000 तक
ब्याज दर 6% मात्र
सभी बैंक फाइनेंस सुविधा
बैट्रीयाँ ही बैट्रीयाँ
सोलर ही सोलर
Prop. Satya Prakash Patel Mob. 8191898953
Jitendra Kumar Singh Mob. 9027176259
Add- 1 Tula Sherpur Mod, Sanjay Nagar Bypass Road, Bareilly - 243006

आप सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
PATEL FOAM & FURNITURE
पर्दे ही पर्दे एवं फर्नीचर ही फर्नीचर
Flat Discount 15% to 30% OFF
हमारे यहाँ गद्दे, पर्दे, फर्नीचर, बैड शीट्स व रजाईयाँ उचित दाम पर मिलते हैं।
Rukum Patel
Specialist for Hotel and Hospitality
100 Futa Road, Keshar Singh Marg, Bareilly | Mob.: 8923053857, 7060390156

आप सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
तेजपाल गंगवार जिलाध्यक्ष भाकियू अराजनैतिक बरेली
मुस्तफा हुसैन जिला उपाध्यक्ष भाकियू अराजनैतिक बरेली



आप सभी को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
★ अध्यक्ष हिंदू सेना (RHS)
★ (प्रदेश अध्यक्ष उ.प्र.) युवा प
★ (चीफ सैकेट्री ऑफ कोर कमेटी)
★ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट
★ राज. सदस्य एवं एक्टिविस्ट भाजपा
★ संचालक युवा शक्ति एवं समाजसेवी
★ बरेली टीचर्स एसोसिएशन
★ प्रबंधक एवं प्रवक्ता एसीसी ग्रुप ऑफ एजुकेशन
डॉ. अंशु दीपक सक्सेना 'आख'
एडीजे ज्वैलर्स मो. 9997633627

आप सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन आरोग्य क्लीनिक
बन्नू वाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक सोमवार बुधवार, बृहस्पतिवार शुक्रवार
Mob.: 9411477351
पीलीभीत क्लीनिक
गोहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मंगलवार, शनिवार
Mob.: 8191813757

आप सभी को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अभिषेक सिंह
MBBS, MD (Radiation Oncology)
Senior Fellow (N.W.C. Canada)
Senior Consultant-Oncology
कैंसर विशेषज्ञ
• सभी प्रकार के कैंसर रोगों की जाँच एवं निदान एक ही स्थान पर
• महिलाओं में होने वाले कैंसर जैसे स्तन कैंसर बच्चेदानी का कैंसर के लिये परामर्श एवं इलाज की व्यवस्था
• सभी प्रकार के कैंसर रोगों के लिए Chemotherapy (कीमोथैरेपी) की व्यवस्था
• कैंसर रोगों से बचाव के लिये परामर्श एवं टीकाकरण (Vaccination)
• अनुवांशिक रूप में होने वाले कैंसर रोगों के लिये स्क्रीनिंग (Screening) की व्यवस्था
गंगाशील कैंसर इन्स्टीट्यूट (गंगाशील चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित) सी-17, डी.डी. पुरम, बरेली
Helpline : 0581-2302017/18, 9927544444

अनीस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. फैहमी खान M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S Gynaecologist, Ivf Specialist
डॉ. अनीस बेग M.B.B.S., D.C.H. Child Specialist
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, एडवांस आई.सी.यू., एडवांस एन.आई.सी.यू., मॉड्यूलर ऑपरेशन
सुविधायें
कैथलैब, एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी, डायलेसिस, वेन्टीलेटर, इको टी.एम.टी., आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू., एच.डी.यू., सी.सी.यू., पेसमेकर
निकट सेटेलाइट, मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच, श्यामगंज रोड, बरेली
0581-2990926, 0581-2990928

आप सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार समदर्शी
कर्मचारी नेता स्वास्थ्य विभाग नगर निगम बरेली

Sethi Sons Retail
A Unit of Bombay Hosiery Family
Rakesh Sethi 9837026936, 9450175782
श्री रामनवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
KIDS LADIES GENTS
Twin Tower, Macnair Road, Near Dharamkanta, Prem Nagar, Bareilly (UP)
Geet Sethi

मैट्रो विजन हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशिलिटी ट्रामा एण्ड क्रिटिकल केयर सेन्टर
पता : मिनी बाईपास, निर्मल रिसॉर्ट, बरेली
डॉ. निपुन अवस्थी M.B.B.S., M.C.H. यूरो सर्जन
डॉ. आदित्य गंगवार M.B.B.S., D.N.B. लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
डॉ. शिवम् गंगवार M.B.B.S., M.D. जनरल रोग विशेषज्ञ
डॉ. जावेद खान M.S. Orthopaedic
Mob : 9720771054, 9458668559
विभाग एवं उपलब्ध सुविधाएं :-
• शिशु एवं बाल रोग विभाग
• हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
• लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी विभाग
• मडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग
• यूरो सर्जरी विभाग
• प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
सभी प्रकार के TPA कैशलेस से इलाज की सुविधा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
डॉ. पूनम गंगवार M.D. गायनी-स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र...

**माँ सिद्धिदात्री: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नम:**

# फाजिलपुर में आग से छह झोपड़ियां राख

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के फाजिलपुर गांव में गुरुवार को अचानक लगी भीषण आग ने तबाही मचा दी। चंद मिनटों में आग ने छह झोपड़ी नुमा घरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रहने वाले मजदूर परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।

बताया जाता है कि वीरपाल, हरि प्रसाद, सोमपाल, रविन्द्र, शोभाराम और मुकेश अपने-अपने परिवार के साथ झोपड़ियों में रहकर मेहनत मजदूरी से गुजर-बसर करते हैं। अचानक उठीं आग की लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग लगते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और ग्रामीण बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए, लेकिन उनकी कोशिशें नाकाम रहीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक झोपड़ियों में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो चुका था। घटना की सूचना पर कोतवाल और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नुकसान का आकलन शुरू किया।

# भौना फार्म के पास बन सकता है सिविल जज कोर्ट भवन

**संवाददाता, बहेड़ी**

- **30 मार्च को प्रस्ताव पर होगी अहम बैठक,30 साल से नगर पालिका के भवन में चल रही है अदालत**

**अमृत विचार :** बहेड़ी में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की अदालत के लिए लंबे समय से स्थायी भवन की मांग अब पूरी होती नजर आ रही है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो नैनीताल रोड पर भौना फार्म के पास करीब 32 बीघा जमीन पर नए न्यायालय भवन का निर्माण संभव हो सकता है।

बताया जा रहा है कि बहेड़ी बार एसोसिएशन ने इस जमीन का प्रस्ताव अपर जिला जज को सौंप दिया है। संभावना है कि 30 मार्च को होने वाली अवस्थापना उप समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को पेश किया जाएगा। समिति की स्वीकृति के बाद प्रस्ताव राजस्व विभाग के माध्यम से तैयार होकर हाईकोर्ट भेजा जाएगा।

गौरतलब है कि बहेड़ी में सिविल जज की अदालत पिछले करीब 30 वर्षों से नगर पालिका की इमारत में संचालित हो रही है। 19 जनवरी 1996 को यह अदालत अस्थायी रूप से शुरू हुई थी, जबकि 1991 में हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज आई.एस. जाफरी ने यहां अदालत स्थापित करने की घोषणा की थी। तब से अब तक कई बार स्थायी भवन निर्माण की कवायद हुई, लेकिन जमीन चयन को लेकर मामला अटका रहा।



तीस साल पहले लगाया गया पत्थर। ● अमृत विचार

इसी वर्ष जनवरी में मंडनपुर-उत्तमनगर मार्ग पर एक स्थान का चयन भी किया गया था, जिसे उप समिति से मंजूरी मिल गई थी। हालांकि वह स्थान रेलवे क्रॉसिंग के पार होने के कारण वकीलों को उपयुक्त नहीं लगा।

अब भौना फार्म के पास मिली जमीन को लेकर सहमति बन गई है। भू-स्वामियों ने शपथ पत्र देकर अपनी सहमति दी है और सह-खातेदारों ने भी अनापत्ति प्रमाण पत्र सौंप दिया है। ऐसे में लंबे समय से लंबित इस परियोजना के साकार होने की उम्मीद बढ़ गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### देवरनियां- मुंडिया में पंबरा तालाब रोड का निर्माण शुरू

**देवरनियां, अमृत विचार :** नगर पंचायत देवरनियां चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी के प्रयासों के बाद कस्बा मुंडिया जागीर चौराहे से पंबरा तालाब तक साढे चार सौ मीटर सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। यह रोड सिंतरा से आने वाले रास्ते को भी जोडता है। नगर वासियों के अनुसार इस रोड का निर्माण बीस साल बाद हो रहा है। चेयरमैन देवरनियां कलीम अंसारी ने कहा कि चुनाव के समय इस मार्ग के निर्माण कराने का वायदा किया था। इससे कस्बे के अलावा सिंतरा से आने वाले लोगों को राहत मिलेगी। यह मार्ग 20 साल बाद बनाई जा रही है।

### शाहपुर डांडी में स्कूल का भव्य उदघाटन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** जे एण्ड आर इंटरनेशनल स्कूल का गुरुवार को उदघाटन हुआ। गांव शाहपुर डांडी में बने इस स्कूल का उदघाटन मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाठक ने किया। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का बनना वक़्त की ज़रूरत और एक अच्छा संकेत बताया। थाना देवरनिया के एस एच ओ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि स्कूल में किताबी ज्ञान के साथ बच्चों को नैतिक शिक्षा और अनुशासन का पाठ ज़रूर पढ़ाया जाए। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद हलीम ने स्कूल में उच्च स्तरीय और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का वादा किया। अंशु सिंह ने आभार जताया।

### महंगाई के खिलाफ सपा का प्रदर्शन दो अप्रैल को

**क्योलडिया, अमृत विचार :** महंगाई, भ्रष्टाचार और गन्ना भुगतान को लेकर समाजवादी पार्टी दो अप्रैल को पटेल चौक पर धरना प्रदर्शन करेगी। आंदोलन के लेकर क्योलड़िया में गुरुवार को पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने सेक्टर प्रमुख और प्रभारी की बैठक की। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को पटेल चौक पर पहुंचने की बात कही। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, नरोत्तम दास मुन्ना,पुरुषोत्तम गंगवार,पप्पू गंगवार, मनोहर लाल गंगवार, पुष्पेंद्र सिंह, , नरेश कश्यप, प्रेम प्रकाश, भुवनेश कुमार, महेंद्र पाल, बादशाह आदि रहे।

# फतेहगंज में डिवाइडर बनाने पर विवाद, दो समुदाय आमने-सामने

## सड़क के एस्टीमेट में डिवाइडर नहीं, लोगों के कहने पर ठेकेदार ने डिवाइडर जोड़ा

**संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी**

**अमृत विचार :** कस्बे के कुम्हार चौक पर बन रही 24 लाख रुपये की सीसी सड़क निर्माण के दौरान बीच में डिवाइडर बनाए जाने को लेकर शनिवार को जमकर हंगामा हो गया। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। मामला इतना बढ़ गया कि दो समुदाय आमने-सामने आ गए और मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को संभाला और लोगों को शांत कराया।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत द्वारा अंसारी मोहल्ला स्थित कुम्हार चौक से लेकर अंडे वाले के घर तक सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में डिवाइडर शामिल न होने के बावजूद ठेकेदार ने कुछ लोगों के कहने पर सड़क के बीच डिवाइडर बनाना शुरू कर दिया। जैसे ही इसकी जानकारी आसपास के लोगों को हुई, उन्होंने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया।



कुम्हार चौक पर डिवाइडर बनता देख दो पक्ष के लोग आमने सामने आ गये।

विरोध करने वालों में अशोक प्रजापति, ओमप्रकाश, प्रेमपाल प्रजापति और सानू मिश्रा समेत कई स्थानीय लोग शामिल रहे। उनका कहना था कि डिवाइडर बनने से आवागमन में दिक्कत होगी और यह योजना के अनुरूप भी नहीं है। वहीं दूसरे पक्ष के कुछ लोग डिवाइडर बनाए जाने के पक्ष में डटे रहे, जिससे विवाद और बढ़ गया।

- **नगर पालिका कुम्हार चौक पर बनवा रही 24 लाख से सीसी रोड**

> सीसी रोड निर्माण योजना में डिवाइडर शामिल नहीं है और नगर पंचायत की ओर से ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया गया है।
> -पुष्पेंद्र सिंह राठौर, अधिशासी अधिकारी

स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को बुलाना पड़ा। कई घंटों तक चली कहासुनी के बाद भाजपा जिला मंत्री संजय सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया। उनके हस्तक्षेप के बाद आपसी सहमति बनी और नगर पंचायत ने फिलहाल डिवाइडर निर्माण का निर्णय टाल इसके बाद सड़क किनारे पाइप डालने को लेकर भी कुछ देर विवाद हुआ, लेकिन पाइप न डालने के फैसले के बाद मामला शांत हो गया।

# पड़ोसी से विवाद में युवक घायल चार पर केस

**फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जिसमें लाठी-डंडों से हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लखनपुर निवासी वीरेंद्र पाल ने बताया कि बीती शाम वह अपनी मोटरसाइकिल से बच्चों को लेकर घर लौट रहे थे। घर के पास पहुंचते ही पड़ोसी दिनेश ने उन्हें गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मामला बढ़ गया और कुछ ही देर में दिनेश के साथ उसके परिजन मुकेश, रामनिवास और शिवकुमार लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए।

आरोप है कि सभी ने मिलकर वीरेंद्र पाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। उनका भाई सतीश पाल बचाने आया तो मुकेश ने उसके सिर पर लाठी से वार कर दिया जिससे उसका सिर फट गया । बीच-बचाव के लिए पहुंचे परिजनों और मोहल्ले के लोगों को देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# तहसील में पड़ी रही मूल्यांकन की फाइल, काट दिये पेड़



कटे पेड़ों की जांच करते राजस्व विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**संवाद दाता, नवाबगंज**

**अमृत विचार :** जयनगर गांव के कब्रिस्तान में खड़े हरे-भरे पेड़ों की कटाई की खबर छपने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। करीब तीन दर्जन पेड़ों के कट जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बताया जाता है कि गांव के कब्रिस्तान में वर्षों से खड़े शीशम,नीम, आम, गूलर और जामुन के लगभग 34 पेड़ों को मंगलवार देर रात एक लकड़ी ठेकेदार द्वारा कटवाकर ले जाया गया। बीट प्रभारी अकबर अली और वेद प्रकाश ने बताया कि कब्रिस्तान के 12 पेड़ों की मूल्यांकन की फाइल वर्ष 2024 में तहसील में भेजी थी, लेकिन नीलामी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। आरोप है कि बिना नीलामी कराए प्रधान और वन कर्मी की मिलीभगत से 34 पेड़ों को अवैध रूप से कटवा दिया गया। गुरुवार को तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा। राजस्व निरीक्षक श्याम सुंदर गुप्ता, वन विभाग के बीट प्रभारी अकबर अली और वेद प्रकाश ने स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पेड़ों की कटाई की पुष्टि हुई है।

# हरहरपुर मटकली में निकाली गई भगवान राम की भव्य शोभायात्रा

**संवाददाता, रिठौरा**

**अमृत विचार :** गांव हरहरपुर मटकली में गुरुवार को दुर्गाष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों में मां महागौरी की विशेष पूजा-अर्चना हुई, हवन-पूजन के साथ ही कन्याएं जिमाईं गईं। गांव में हिंन्दू जागरण मंच स्वाभिमान सुरक्षा समिति के तत्वावधान में भगवान राम,लक्ष्मण, सीता माता वीर बजरंगबली आदि की भव्य झांकियों से सुशोभित शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान शोभायात्रा में माताएं -बहनें ढोलक की थाप पर देवी गीत गाती हुई। यात्रा में शामिल हुईं।इस दौरान हरिपाल सिंह, सर्वेश सैनी,जसवंत कुमार,गंगा सिंह यादव, इंद्रपाल सक्सेना, तेजपाल सक्सेना,बेंचे लाल राममूर्ति लाल गंगवार, शिशुपाल,सुरेंद्र गंगवार, मोनू गुप्ता, प्रदीप राठौर, आदि रहे।



शोभायात्रा में शामिल रामायण के पात्र

**धौंराटांडा में रामनवमी पर निकली भव्य शोभा यात्रा : भोजीपुरा** । धौरा टांडा में रामनवमीं पर भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। । शोभायात्रा श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति के नेतृत्व में तय मार्गो से निकाली गई। इसमें देवी देवताओं की झांकियां भी मौजूद रहीं ।भगवान राम की श्रद्धा के साथ रथ पर सवार भगवान राम लक्ष्मण व सीता माता की आरती की गई। बड़ी संख्या में मुस्लिम लोग शामिल हुए। इस मौके पर एसआरएमएस डायरेक्टर आदित्यमूर्ति , प्रधानाचार्य आदेश तिवारी, भोजीपुरा ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल, चेयरमैन नदीम उल हसन, तनवीर उल इस्लाम, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### झांकी के साथ निकली राम बारात

**दुनका , अमृत विचार :** थाना शाही के गांव दुनका में राम दरबार भगवान मंदिर से बैंड-बाजों के साथ भव्य राम बारात निकाली गई। ऐतिहासिक राम बारात की झाकियों में सुंदर ढंग कलाकारों ने पीतांबर वस्त्र धारण कर भगवान राम, सीता और लक्ष्मण की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।

# मुसीबत में हो तो मिलाओ पुलिस हेल्प लाइन नंबर

**संवाददाता, क्योलडिया**

**अमृत विचार :** क्योलडिया पुलिस ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं को जागरूक किया और उन्हें गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि जब भी कहीं मुसीबत हो और पुलिस की मदद चाहिए तो उसके लिए हेल्प लाइन नंबर मिलाओ। पुलिस मौके पर पहुंचकर मदद करेगी। साइबर प्रभारी नवीन कुमार ने महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताएं साथ ही 112 108 1076 101 1930 का उपयोग करने के बारे में बताया। नकटी नारायणपुर में महिलाओं को भी मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने जागरूक किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह, उप निरीक्षक मीनाक्षी महिला कांस्टेबल रोली, सोनम, मुकेश कुमार, वार्डन धर्मवती, विनोद कुमार ,नवीन कुमार, देवेश कुमार आदि रहे



क्योलड़िया में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पुलिस ने बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी। ● अमृत विचार

### महिलाओं को पढ़ाया आत्मनिर्भरता का पाठ

**शेरगढ़, अमृत विचार :** नारी शक्ति को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराते हुए आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया गया। पुलिस की पहल ने नारीशक्ति को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को शासन की गाइड लाइन, सुरक्षा उपायों पर चर्चा करते हुए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन का मंत्र दिया। गुरुवार को एसएसआई आदित्य गौरव श्रीवास्तव, जगवीर सिंह, महिला कांस्टेबल नीशु बालियान व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र के गांव नगरिया कलां स्थित शिव मंदिर पर आयोजित श्रीराम कथा स्थल पहुंचे और महिलाओं को उनके अधिकार बताए। कथावाचक पंडित जगदीश चंद्र ने महिलाओं को नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने पुलिस की पहल की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर चौधरी जसवंत सिंह, विशेष पाठक, राजेंद्र मैनेजर, सर्वेश कुमारी, गंगोत्री, संतोष कुमारी, तारावतीसरोज शर्मा, सुंदरी शर्मा, धन देवी श्रीवास्तव, सोमवती कश्यप, नत्थू लाल कश्यप, क्रांति श्रीवास्तव, संतोष कुमारी राठौर, शिशुपाल गंगवार, सपना देवी आदि रहीं।







# छात्रा से रेप, धर्म परिवर्तन मामले में ट्यूटर को 20 साल की कैद

**विधि संवाददाता, बरेली**

- **स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 देवाशीष ने सुनाई सजा**
- **थाना भमौरा में पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन कराने के मामले में थाना भमौरा क्षेत्र निवासी स्कूल टीचर फईम खान को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 देवाशीष ने 20 वर्ष कारावास व 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

शासकीय अधि्रवक्ता राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भमौरा में शिकायत की थी था कि उनकी बेटी बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है और कोचिंग भी कर रही है। 5 फरवरी 2017 की सुबह 7 बजे ट्यूशन पढ़ने बरेली गयी थी, इससे पहले मेरे घर फईम खान का आना जाना था तो मुझे इस पर शक है कि रास्ते में जा रही लड़की को अगवा कर ले गया, खोजबीन करते हुए फईम के घर गया तो मुझे धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि वर्ष फईम स्कूल में टीचर था। 5 फरवरी 2017 को वह ट्यूशन पढ़ने बरेली जा रही थी, सुबह 7 बजे नगला तिराहे पर पहुंची तो वहां उसे फईम खां, इस्लाम खां, इकबाल खां व छोटे खां कार से मिले, कार का ड्राइवर भी था, जबरन कार में बैठाकर उसे दिल्ली ले गये, वहां पर चारों ने मुझे किसी के घर में रखा। चारों ने मेरे साथ मेरी इच्छा के विरुद्ध जबरन दुष्कर्म किया। दिल्ली से चारों लोग इलाहाबाद ले गये, वहां आठ दिन रखा, वहां पर भी चारों ने दुष्कर्म किया। मैंने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन नहीं किया, चारों ने मेरा धर्म परिवर्तन कराया और नाम नूर फात्मा रख दिया। अभियोजन ने 7 गवाह पेश किये। पुलिस ने बहला फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट में केवल फईम के विरुद्ध ही आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

विशेष लोक अभियोजक राजीव तिवारी के अनुसार, विवेचक ने तीन अन्य आरोपियों के नाम निकालकर केवल फईम के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट भेजी थी। विचारण के दौरान वादी द्वारा अर्जी दिये जाने पर कोर्ट ने 11 नवम्बर 2021 को अभियुक्त इकबाल खान, छोटे खान व इस्लाम खान को बहला फुसलाकर ले जाने, गैंगरेप, पॉक्सो अधिनियम व विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम में विचारण के लिए तलब किया था, जिसके विरुद्ध मुल्जिमों ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में फौजदारी निगरानी पेश की थी, हाईकोर्ट ने 22 फरवरी 2023 को सेशन कोर्ट के तलबी आदेश को स्थगित कर दिया था। इस वजह से इस मामले में केवल फईम के विरुद्ध ही ट्रायल पूरा कर पीड़िता को न्याय दिया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ का वांछित गिरफ्तार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** बीते दिनों पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ के वांछित आरोपी आरिफ को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा राजीव कुमार सिंह व एस आई रनवीर सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, सिपाही अमरदीप सिंह आदि की टीम ने भोजीपुरा कब्रिस्तान के पास सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरिफ ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल थाना भोजीपुरा का रहने वाला है। इसके खिलाफ विभिन्न मामलों के सात मुकदमें दर्ज हैं। आरिफ व उसका साथी फरार हो गये थे।

### चौकीदार के दो मोबाइल चोरी

**कैंट, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के थाना तिलहर निवासी राकेश कुमार ने बताया, कि वह कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया स्थितएक ट्रैवल एजेंसी पर चौकीदारी का कार्य करते हैं। बुधवार रात चारपाई पर दो मोबाइल छोड़कर गाड़ी खड़ी कराने गए थे। 10 मिनट के बाद बाहर आए, तो देखा मोबाइल वहां नहीं थे। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गए।

# खेत देखने गई विधवा के साथ मारपीट का आरोप

**फरीदपुर, अमृत विचार :** फसल उजाड़ने का विरोध करने वाली विधवा के साथ खेत में खींच कर दुष्कर्म का प्रयास किया गया। विरोध करने पर उसे पीट दिया गया। अब एसएसपी के आदेश पर फरीदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

महिला का आरोप है कि उसके देवरों ने जमीन के विवाद में न सिर्फ उसकी फसल उजाड़ दी, बल्कि उसके साथ बदसलूकी और मारपीट भी की। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने गुरुवार को एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उसके देवर उमेश कुमार, सत्यवीर, डोरी लाल और राधेश्याम उसके पति के हिस्से की जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। 2006 में पति की मौत के बाद वह अपने हिस्से की जमीन पर खेती कराती है और भाई के घर बरेली में रह रही है। नौ मार्च को वह बेटे के साथ खेत देखने पहुंची तो आरोपियों ने यूकेलिप्टस के कई पेड़ तोड़ दिए और कंटीली तार की बाड़ भी उखाड़ दी। विरोध करने पर उन्हें घसीटकर बगीचे में ले जाया गया और कपड़े फाड़कर मारपीट की गई।

## तलाश गुमशुदा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा हरिशचंद पुत्र बैजनाथ लोध जो कि दिनांक 26.01.2026 को समय करीब 05 बजे शाम को बिना बताए घर सही कहीं चला गया है, जो अभी तक अपने घर नहीं पहुंचा है। जिसके सम्बन्ध में थाना धौरहरा में गुमशुदगी संख्या 04/2026 पंजीकृत है। जिस किसी सज्जन को गुमशुदा के बारे में जानकारी प्राप्त होती है तो निम्न मोबाइल नंबरों पर सूचित करें। हुलिया:- रंग- गोरा, चेहरा गोल, आंख, कान, नाक, औसत, कद- 5 फिट निशान- कोई नहीं पहनावा- पैन्ट शर्ट जूता पहने हुए है।

| | | |
|---|---|---|
| बैजनाथ लोध (गुमशुदा के पिता) मो. 9670107306 | अरुण कुमार तिवारी (उ.नि.) थाना धौरहरा मो. 6386889239 | प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा खीरी मो. 9454403777 |

